ग्वालियर | मंगलवार | 30 सितम्बर 2025 | वर्ष 31 | अंक 46 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1938 से

आठवां दिन मां महागौरी

आठवें दिन मां के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की जाती है. मां महागौरी का रंग अंत्यत गोरा है. इनकी चार भुजाएं हैं और मां बैल की सवारी करती हैं. मां का स्वभाव शांत है. मां का प्रिय पुष्प रात की रानी है. इनका राहु ग्रह पर आधिपत्य है, यही कारण है कि राहुदोष से मुक्ति पाने के लिए मां महागौरी की पूजा की जाती है.

पूजा विधि: सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त होने के बाद साफ- स्वच्छ वस्त्र धारण करें. मां की प्रतिमा को गंगाजल या शुद्ध जल से स्नान कराएं. मां को सफेद रंग के वस्त्र अर्पित करें. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां को सफेद रंग पसंद है.

प्रिय भोग: मां महागौरी को काले चने का भोग अवश्य लगाएं. इसके अलावा मिष्ठान, पंच मेवा, फल अर्पित करें.

मंत्र
या देवी सर्वभूतेषु मां गौरी रूपेण संस्थिता.
नमस्तस्यै नमस्तस्यै
नमस्तस्यै नमो नम:॥

कार्यकर्ताओं की कुर्बानियां ताकत

भाजपा की दिल्ली इकाई के कार्यालय का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया उद्घाटन

नई दिल्ली 29 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन किया. दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पीएम मोदी का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया. इस दौरान बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता समेत अन्य बीजेपी नेता मंच पर मौजूद रहे.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा आज नवरात्र के इन पावन दिनों में दिल्ली भाजपा को अपना नया कार्यालय मिला है. दिल्ली भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई.

उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना को 45 वर्ष हो गए हैं, लेकिन जिस बीज से भाजपा इतने विशाल वटवृक्ष के रूप में विकसित हुई है, उसका बीजारोपण अक्टूबर 1951 में हुआ था, जब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में जनसंघ की स्थापना हुई थी. आज दिल्लीभाजपा के पास जो ताकत है, वह पिछले कई दशकों में हमारे लाखों कार्यकर्ताओं की कुर्बानियों और कड़ी मेहनत का नतीजा है.

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि, दिल्ली और भाजपा का रिश्ता सिर्फ एक शहर और एक पार्टी का नहीं है, ये सेवा, संस्कार और सुख-दुख में साथ निभाने का है. पहले जनसंघ और फिर भाजपा के रूप में, हमारी पार्टी हमेशा दिल्लीके हितों के लिए प्रतिबद्ध रही है. जनसंघ की स्थापना के बाद से, हमने हर तरह से दिल्ली के लोगों की सेवा की है. आपातकाल के दौरान, जनसंघ के नेताओं ने दिल्लीके लोगों के साथ मिलकर सरकारी दमन के खिलाफ लड़ाई लड़ी. यहां तक कि 1984 के सिख दंगों के दौरान, जिसने दिल्लीकी आत्मा पर गहरा आघात पहुंचाया, दिल्लीभाजपा ने हमारे सिख भाइयों की रक्षा की.

आज खुशी का अवसर : नड्डा

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, आज हम सभी के लिए खुशी का अवसर है कि लंबे इंतजार के बाद, दिल्ली प्रदेश भाजपा को अपना कार्यालय मिल गया है और प्रधानमंत्री द्वारा इसका उद्घाटन किया गया है. पीएम के नेतृत्व में देश लगातार विकास कर रहा है.

दिल्ली सरकार दिल्ली के पुनर्निर्माण में जुटी : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, कई वर्षों के अंतराल के बाद आज दिल्ली में भाजपा की सरकार है. दिल्ली के लोगों ने अपने बेहतर भविष्य के सपने और उम्मीदें भाजपा में लगाई हैं, इसलिए नए प्रदेश कार्यालय में बैठे हर व्यक्ति की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. दिल्ली सरकार दिल्ली के पुनर्निर्माण में जुटी है. इसलिए जब दिल्ली भाजपा सरकार और दिल्ली भाजपा कार्यालय कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे, तो हम विकसित भारत, विकसित दिल्लीके सपने को और तेजी से पूरा कर पाएंगे. उन्होंने कहा, भाजपा सरकारों के हर अच्छे काम का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचना जरूरी है, इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं को सदैव सजग रहना होगा। मैं देशभर के कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूं कि हमें यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी सुधार का लाभ आम आदमी तक पहुंचे.



भारत ने जीता एशिया कप 2025

ट्रंप ने विदेशी फिल्मों पर लगाया टैक्स

वॉशिंगटन, 29 सितंबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक और टैरिफ बम फोड़ दिया है. अब उन्होंने विदेशी फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही. सोमवार को उन्होंने अपने सोशल प्लेटफॉर्म से एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है.

उन्होंने कहा कि अमेरिका जल्द ही सभी विदेशी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा. फिल्म इंडस्ट्री को विदेशी देशों ने चुरा लिया है. हमारा फिल्में बनाने का कारोबार अमेरिका से चुरा लिया गया है, बिलकुल वैसा ही जैसे बच्चे से कैंडी चुराई जाए. ट्रम्प ने खास तौर पर कैलिफोर्निया का जिक्र किया। इसी राज्य के लॉस एंजिलिस में हॉलीवुड है। ट्रम्प ने कहा कि कैलिफोर्निया की कमजोर सरकार और बुरे गवर्नर की वजह से यह राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। इस लंबे समय से चली आ रही और कभी न खत्म होने वाली समस्या को खत्म करने के लिए वह अमेरिका के बाहर बनने वाली सभी फिल्मों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे।

पुण्य स्मरण

विहाय कामान्यः सर्वान्पुमांश्चरति निःस्पृहः।
निर्ममो निरहंकारः स शान्तिमधिगच्छति॥
(श्रीमद्भगवद्गीता 2-71)

भावार्थ : जो पुरूष सम्पूर्ण कामनाओं को त्यागकर ममतारहित, अहंकाररहित, इच्छारहित होकर विचरता है, वही शांति को प्राप्त करता है।

श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी

(जन्म : 10 मार्च 1945 - स्वर्गवास : 30 सितम्बर 2001)

जिन्होंने जीवन को सही अर्थों में कर्मयोग में जिया तथा हम सबके लिए प्रेरणा ज्योति प्रज्ज्वलित की। जो हमारे जीवन के आदर्श एवं प्रेरणा स्त्रोत हैं।

शत् शत् नमन्

सिंधिया स्कूल, द फोर्ट, ग्वालियर (स्थापना-1897)
सिंधिया कन्या विद्यालय, ग्वालियर
ए.एम.आई. शिशु मन्दिर, ग्वालियर
माधव प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, सम विश्वविद्यालय, ग्वालियर

ATUL